मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 206 ■ सोमवार 10 नवंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

जीवन साथी के लिए गोली खाने को तैयार हैं रश्मिका

# मनपा वार्ड आरक्षण लॉटरी कल

- दिग्गजों का भविष्य होगा तय
- चुनावी गठबंधन पर असमंजस का माहौल
- युवा उम्मीदवारों का मिल रहा लॉलीपॉप
- सभी पुराने चेहरे दिखेंगे चुनाव में




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका के आगामी 2026 में होने जा रहे चुनाव को लेकर वार्ड बाउंड्री का कार्य संपन्न चुका है। अब सबसे अहम चरण वार्डों का आरक्षण लॉटरी द्वारा करना है। शुक्रवार को मनपा आयुक्त मनिषा आव्हाले ने घोषणा कर दी है। मनपा चुनाव के लिए अनुसूचित जाति (महिला), अनुसूचित जनजाति (महिला), नागरिकों के पिछड़ा वर्ग, नागरिकों के पिछड़ा वर्ग (महिला) एवं सामान्य महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारण हेतु लॉटरी पद्धति द्वारा आरक्षण तय किये जायेंगे। मंगलवार, 11 नवंबर 2025 को सुबह 11 बजे उल्हासनगर-3 स्थित शहीद अरुणकुमार वैद्य सभागृह टाउन हॉल में यह आरक्षण की प्रक्रिया होगी।

## ■ भावी नगरसेवक

ज्ञात हो कि वार्ड आरक्षण लॉटरी की घोषणा के बाद ही सभी इच्छुक उम्मीदवार व पूर्व नगरसेवक अपने वार्डों को चुनेंगे। उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र में कुल 20 पैनलों के 78 वार्ड होंगे। इन सभी वार्डों में पूर्व नगरसेवक अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए पहले से ही प्रयासरत हैं और अगर उनका वार्ड आरक्षण में जाता है तो उन दिग्गजों को पता साफ हो जाएगा। ऐसे में कई नए व युवा चेहरे इस मनपा चुनाव में देखने को मिलेंगे। हालांकि ऐसे युवा व नए चेहरों को टिकट का लॉलीपॉप देने का सिलसिला अभी से ही शुरू हैं। ऐसे युवा खुद को अभी से ही भावी नगरसेवक व फिक्स नगरसेवक घोषित कर चुके हैं।

## ■ किस्मत की लॉटरी

उल्हासनगर मनपा चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने के लिए कालानी ने शिवसेना से गठबंधन करके महायुति का गणित बिगाड़ दिया है वहीं साईं पक्ष भी शिवसेना के साथ हो गई है। ऐसे में भाजपा अब राकांपा गंगोत्री गुट से गठबंधन करती है या नहीं यह देखने वाली बात होगी। क्योंकि इस बार विरोधी पक्ष कांग्रेस, राकांपा एसपी, उबाठा, मनसे भी पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। एड. प्रकाश कुकरेजा की नई पार्टी प्रजा कृपा पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। ऐसे में इस बार युवाओं की संख्या ज्यादा देखने को मिलेगी। चुनावी गठबंधन पर असमंजस का माहौल है। सभी नेता अतिआत्मविश्वास में चल रहे हैं कि मेरी जीत तय है लेकिन आम जनता के मन में तो कुछ और ही है जो उनकी गेम पलटने के लिए काफी है। फिलहाल मंगलवार 11 नवंबर को नेताओं की किस्मत की लॉटरी क्या रंग लाती है यह तो समय ही बताएगा।

### आपत्तियाँ और सुझाव प्रस्तुत करें

- आपत्तियाँ स्वीकार करने की अवधि 17 नवंबर से 24 नवंबर, 2025 (दोपहर 3 बजे तक) है। मनपा ने सूचित किया है कि आपत्तियाँ उल्हासनगर मनपा मुख्यालय, चुनाव कार्यालय और संबंधित वार्ड कार्यालयों के मुख्यालय में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत की जानी चाहिए। मनपा ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन, ईमेल या वेबसाइट के माध्यम से भेजी गई कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।
- चुनाव में राजनीतिक समीकरणों पर बड़ा असर डालने वाला यह ड्रॉ खुले तौर पर होगा और नागरिकों को भी इसमें भाग लेने का अवसर दिया गया है।
- मनपा के आम चुनाव 2025 अब नजदीक आ रहे हैं और नगर निगम प्रशासन ने आरक्षण ड्रॉ का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। शहर के नागरिकों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और इच्छुक पक्षों को व्यक्तिगत रूप से इस प्रक्रिया में शामिल होने और देखने का अवसर मिलेगा।
- ड्रॉ के बाद, नगर निगम 17 नवंबर, 2025 को आरक्षण प्रारूप की घोषणा करेगा। जैसे ही प्रारूप प्रकाशित होगा, नागरिकों और पार्टी प्रतिनिधियों को आरक्षण के संबंध में आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा।
- एक निर्धारित अवधि के भीतर प्राप्त सभी आपत्तियों पर विचार करने के बाद संबंधित वार्डों का अंतिम आरक्षण तय किया जाएगा और फिर नगर निगम आरक्षण की अंतिम अधिसूचना प्रकाशित करेगा। इस प्रक्रिया के बाद ही शहर के प्रत्येक वार्ड का चुनावी स्वरूप स्पष्ट हो पाएगा।

# मतदाता सूची खरीदने के लिए लोगों की भीड़



- सबसे ज्यादा कीमत 3882 रुपए प्रभाग क्र. 28 का है

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद कार्यालय में रविवार 9 नवंबर से प्रभागों की सूची बेचने का कार्य शुरू हुआ. मतदाता सूची का बंच लेने के लिए सभी पक्ष के नेता एवं इच्छुक उम्मीदवार नपा कार्यालय की तरफ दौड़ पड़े क्योंकि सोमवार 10 नवंबर से नामांकन फार्म दाखिल करने के दिन की शुरूआत है. भीड़ को कंट्रोल करने के लिए प्रशासन को कई सुरक्षा रक्षकों का सहारा लेना पड़ा. सूची लेने के लिए कतार इतनी लंबी थी कि एक व्यक्ति का नंबर एक घंटे के बाद आ रहा था. इच्छुक एवं नेता 8 नवंबर से प्रतीक्षा कर रहे थे. शनिवार को सूची नहीं मिलने के कारण महाविकास आघाड़ी, कांग्रेस, मनसे, राकांपा (शप) एवं उबाठा सेना के नेताओं ने नपा कार्यालय में नारेबाजी करके आंदोलन छेड़कर प्रभाग सूची की होली जलाई. रविवार सुबह जैसे ही लोगों को मालूम पड़ा कि मतदाता सूची आ चुकी है, लोग नपा कार्यालय तक दौड़ पड़े. कौन-से प्रभाग के सूची की क्या कीमत है, उसकी लिस्ट दिवार पर लगाई गई थी. प्रभाग क्र. 28, पालेगांव, प्रकाश नगर की सूची की कीमत सबसे ज्यादा 3882 रुपए है तो सबसे कम कीमत की सूची प्रभाग क्र. 25 शहर पूर्व के कैलाश नगर, शिवाजी नगर परिसर की 620 रुपए रखी गई है. सभी प्रभाग के वोटरों की संख्या एवं पन्नों के अनुसार प्रभाग सूची की कीमत रखी गई है.

# उल्हासनगर में आयुष्मान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

**उल्हासनगर.** शहर के विभिन्न हिस्सों में आयुष्मान स्वास्थ्य प्राथमिक नागरिक स्वास्थ्य संवर्धन केंद्रों का उद्घाटन मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने किया। मनपा आयुक्त आव्हाले ने नागरिकों से अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए इन स्वास्थ्य केंद्रों का लाभ उठाने की अपील की। मनपा स्वास्थ्य विभाग ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का शुभारंभ किया। शुक्रवार को मनपा आयुक्त आव्हाले ने कुल 8 स्वास्थ्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन किया। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और परिवार नियोजन, क्षय रोग और अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का क्रियान्वयन, सामान्य रोगों का निदान और निःशुल्क दवा जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर उपायुक्त अनंत जवादवार, प्रभारी चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा, नगर कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. विद्या चव्हाण, नगर लेखा प्रबंधक दिनेश सरोदे, मनपा चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# पूर्व नगरसेवकों ने भाजपा में किया प्रवेश

- भाजपा में प्रवेश हेतु लंबी कतार- वधारिया
- डोंबिवली में हुआ प्रवेश कार्यक्रम





**उल्हासनगर.** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के नेतृत्व में कल डोंबिवली में उबाठा के बड़े नेता दिपेश म्हात्रे ने भाजपा में प्रवेश कर लिया है उसी के साथ वहां उल्हासनगर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया के मार्गदर्शन में सैकड़ों की संख्या में नेता व कार्यकर्ताओं ने पक्ष प्रवेश किया है जिसमें कुछ पूर्व नगरसेवकों राकांपा, टीओके के खास लोगों का समावेश है। जिसमें पूर्व सेना नगरसेवक प्रधान पाटील, कालानी समर्थक सतरामदास जेसवानी, सुनिल सुखेजा, शंकर दावानी, लोक गायिका निशा भगत व उनकी दो बेटियां, आनंद शिंदे, राजस्थान समाज के दिनेश छंगानी, रवि वसीटा ने भाजपा में प्रवेश कर लिया है।

जिलाध्यक्ष वधरिया ने कहा कि चुनावी टिकट का हम वादा नहीं करते लेकिन जो सक्षम होगा उसे टिकट दिया जाएगा।

11 नवंबर को आरक्षण के बाद भाजपा में बड़े पैमाने पर पक्ष प्रवेश होगा।

### झगड़े में बीच-बचाव करना पड़ा महंगा

**उल्हासनगर.** एक झगड़े में बीच-बचाव करने गए मनसे उपविभाग प्रमुख अजय बागुल की पिटाई कर दी गई। इस संबंध में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में एक गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बागुल शुक्रवार आधी रात को उल्हासनगर कैंप क्रमांक 4 स्थित सीएसजी पेट्रोल पंप वाली सड़क से घर जा रहे थे। सीएसजी पंप के सामने एक चीनी कार सवार कुछ लोगों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा सुलझाने गए अजय की शराबी युवकों ने पिटाई कर दी।

# राकांपा (अप) 6 से 7 सीट पर विजयी होंगे

- कार्यालय उद्घाटन के समय अध्यक्ष सदाशिव पाटिल ने किया दावा



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में जब से राकांपा (शप) के अध्यक्ष सदाशिव पाटिल ने पक्ष को छोड़कर राकांपा अजित पवार गट में शामिल हुए हैं, तब से शहर में राकांपा (अप) पक्ष मजबूती से आगे बढ़ रहा है. पक्ष से उम्मीदवारी लेने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों की भीड़ से लग गई है. इस चुनाव में पक्ष में 6 से 7 उम्मीदवार चुनकर आने का दावा अध्यक्ष सदाशिव पाटिल ने रविवार को उलन चाल में प्रभाग क्र. 9, पनवेलकर गार्डन हाउसिंग बोर्ड परिसर के उम्मीदवार हैदर शब्बीर पटेल के कार्यालय के उद्घाटन के समय कहा है. उस समय महिला अध्यक्षा पूनम शेलार, कमलाकर सूर्यवंशी, जुलेखा सय्यद, हैदर पटेल एवं परिसर के रहिवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. पाटिल ने आगे कहा कि उनके पक्ष राकांपा (अप) की युति भाजपा से होती है अथवा शिवसेना शिंदे गट से उस पर हमारी नजर है. अगर युति नहीं भी हुई तो हम 6 से 7 सीट पर विजयी होंगे. ऐसा दावा उन्होंने किया है. कमलाकर सूर्यवंशी ने कहा कि अजित पवार ने उम्मीदवारी देने के लिए युवकों को आगे लाया जाए, ऐसा कहा है और प्रभाग 9 से हमने युवक उम्मीदवार हैदर शब्बीर पटेल को पेश किया है.

# बिलों के बकाया के कारण का 50% हिस्सा अंधेरे में

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर पालिका और एलईडी स्ट्रीट लाइटों का काम देखने वाली कंपनी 'स्टारलाइट कंपोनेंट्स लिमिटेड' के बीच बिलों के बकाया को लेकर चल रहे विवाद के कारण शहर में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का काम ठप पड़ा है। नतीजतन, शहर का एक बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूबा होने के कारण नागरिकों को असुरक्षा और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

स्टारलाइट कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा मासिक बिलों का समय पर भुगतान न करने के कारण उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे मरम्मत का काम प्रभावित हो रहा है। कंपनी ने कहा है कि अनुबंध में विसंगतियों (खंभों की बढ़ी हुई संख्या), कोविड के बाद अतिरिक्त खंभों के रखरखाव के बोझ के साथ-साथ घटिया सामग्री के इस्तेमाल और तकनीकी खराबी के लिए नगर पालिका और महावितरण से सहयोग न मिलने के कारण समस्या बढ़ गई है। अनुबंध में बकाया और अस्पष्टता के कारण, कंपनी ने अपने हितों की रक्षा के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। नपा प्रशासन ने अपना पक्ष रखते हुए कंपनी के काम में खामियाँ गिनाई हैं। शहर में स्ट्रीट लाइट मरम्मत का काम बेहद गैर-ज़िम्मेदाराना तरीके से किया जा रहा है, जिसकी वजह से शहर का 50 प्रतिशत हिस्सा अंधेरे में डूबा हुआ है। हेल्पलाइन नंबर बंद होने की वजह से नागरिकों की शिकायतें स्वीकार नहीं की जा रही हैं, जिसकी वजह से शहर में स्ट्रीट लाइट बंद होने से दुर्घटनाएँ और चेन स्नैचिंग की घटनाएँ बढ़ गई हैं।

# मनपा के PWD की कुव्यवस्था उजागर

- उल्हासनगर PWD का कबूलनामा



**उल्हासनगर.** कांग्रेस पार्टी के युवा नेता ने खुलासा किया कि मनपा PWD बिना सूचना पट्ट लगाए विभिन्न विकास कार्य कर रहा था। PWD द्वारा यह स्वीकार किए जाने के बाद, विभाग की कुव्यवस्था उजागर हुई। अंततः विभाग ने कार्यस्थल पर सूचना पट्ट लगाने का निर्णय लिया।

उल्हासनगर मनपा में भूमिगत सीवरेज योजनाएँ, जलापूर्ति एवं वितरण योजनाएँ, एमएमआरडीए के अंतर्गत सड़कें, दलित बस्ती निधि, शहरी सुविधाओं के अंतर्गत कार्य और विभिन्न विकास कार्य नगर निगम के निधि से हज़ारों करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे हैं। हालाँकि, ये कार्य किस योजना के तहत किए जा रहे हैं? इनके पूरा होने में कितना समय लगेगा? ठेकेदार कौन है? करोड़ों रुपये की लागत से ये कार्य कितने करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे हैं? इस संबंध में सूचना पट्ट नहीं लगाए गए हैं। इसलिए, एक ही स्थान पर बार-बार विकास कार्य किए जा रहे हैं, ऐसा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने पहले आरोप लगाया था।

कांग्रेस के युवा नेता पवन मिरानी ने मनपा आयुक्त और लोक PWD का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए इसमें पारदर्शिता बरतने की मांग की है। मनपा लोक PWD के नगर अभियंता नीलेश शिरसाठे ने पवन मिरानी की शिकायत पर संज्ञान लिया। शिरसाठे ने संबंधित ठेकेदारों को शहर में विकास कार्य स्थलों पर सूचना पट्ट लगाने का आदेश दिया।

मनपा सीमा के अंतर्गत विकास कार्य स्थलों पर सूचना पट्ट न लगाए जाने के कारण, यह आलोचना हो रही है कि ठेकेदार नेताओं और अधिकारियों की मिलीभगत से एक ही कार्य स्थल पर बार-बार विकास कार्य करवा रहे हैं। अंततः, नगर अभियंता शिरसाठे ने विकास कार्य स्थलों पर सूचना पट्ट लगाने का आदेश दिया। लेकिन, क्या उनके आदेश का पालन होगा? यह सवाल उठा। मिरानी ने पहले कैंप क्रमांक 5 की सड़कों पर गड्ढों और स्वामी शांतिप्रकाश आश्रम के पास पानी की नालियों में रिसाव की शिकायत की थी।

# चेन स्नैचर का आतंक

- एक ही दिन में दो महिलाओं की चेन एवं मंगलसूत्र छीनकर भागा

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में बाइक सवार चेन स्नैचरों का आतंक बढ़ गया है. 8 नवंबर की सुबह तीन झाड़ी नालंबी पर वॉकिंग को आई हुई महिला कांचन रेगो (31) की सोने की चेन एवं सोने का मंगलसूत्र एवं उसी दिन सुबह में आर्डनेंस फैक्टरी मेन गेट के सामने जावसई गांव से पैदल काम पर जा रही 63 वर्षीय वृद्धा व्यंकटेश्वरम्मा चात्रागड़ा के गले से 50 हजार रुपयों की सोने की चेन एक ही स्नैचर छीनकर काले रंग की बाइक पर भाग खड़ा हुआ है. कांचन रेगो के अनुसार वह टाइपिस्ट है और नाना पाटिल प्राइड में रहती है. 8 नवंबर शनिवार को सुबह 7.30 से 7.45 बजे के बीच वह तीन झाड़ी नालंबी पर हमेशा की तरह वॉकिंग करके घर की तरफ जा रही थी कि पीछे से एक काले रंग की बाइक पर सवार व्यक्ति जिसने हेल्मेट पहन रखा था और नेवी ब्लू रंग का जैकेट पहन रखा था. इस बाइक सवार ने उनके गले से सोने की चेन व मंगलसूत्र जिसकी कीमत 40 हजार रुपए है, झपटकर भाग गया. इसके बाद ये स्नैचर आर्डनेंस फैक्टरी मेन गेट के सामने से जा रही व्यंकटेश्वरम्मा (63) के गले से 7.45 बजे के बाद 8 ग्राम की सोने 50 हजार रुपयों की चेन खींचकर स्टेशन की दिशा में भाग गया. दोनों महिलाओं द्वारा बाइक का कलर एवं बाइक स्वार द्वारा ब्लू जैकेट पहनने का जिक्र किया है. मामले की जांच उप निरीक्षक लीला थोरात कर रही है.

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

- उल्हास नदी में फेंका शव
- बदलापुर में दिल दहला देने वाली घटना
- आरोपी पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

बदलापुर. बदलापुर शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। तीन बच्चों की मां एक महिला ने अपने शादीशुदा प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं, जब पति ने विरोध किया तो उसने उसकी पिटाई भी की। इसके बाद पति के शव को उल्हास नदी में फेंक दिया। इस घटना से शहर में हड़कंप मच गया है और पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

### आखिर हुआ क्या था?

बदलापुर पश्चिम में रहने वाला एक 44 वर्षीय व्यवसायी अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहता था। उसे अक्सर व्यापार के सिलसिले में शहर से बाहर जाना पड़ता था। इसी दौरान उसकी पत्नी का उसी बिल्डिंग में रहने वाले एक शादीशुदा व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग हो गया। पति को इस प्रेम प्रसंग के बारे में पता चलने के बाद दोनों में अक्सर झगड़ा होने लगा।

शुक्रवार आधी रात को जब पति सो रहा था, तभी पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर इस क्रूर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने पति की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उन्होंने शव को गद्दे में लपेट दिया। शव को मोटरसाइकिल पर रखकर बदलापुर के वलावली पुल के पास उल्हास नदी में फेंक दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस और दमकल की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। इस मामले में बदलापुर पश्चिम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। वपोनी किशोर शिंदे ने बताया कि पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके विवाहित प्रेमी दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना की इलाके में चर्चा हो रही है। पुलिस मामले की आगे की जाँच कर रही है।

# सेंट्रल अस्पताल बिल्डिंग की 40 प्रतिशत मरम्मत

- जिला शल्य चिकित्सक डॉ. बनसोडे ने दी जानकारी

**उल्हासनगर.** सेंट्रल अस्पताल के संरचनात्मक ऑडिट के बाद, लोक निर्माण विभाग साढ़े चार करोड़ की राशि से मरम्मत कार्य कर रहा है। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. मनोहर बनसोडे ने बताया कि अब तक भवन का 40 प्रतिशत मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है। कर्जत, कसारा, मुरबाड, शहापुर, बदलापुर, अंबरनाथ और ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों मरीज इस सेंट्रल अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल भवन 40 वर्ष से अधिक पुराना होने के कारण, भवन में कई स्थानों पर पानी टपक रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से भवन का संरचनात्मक ऑडिट कराने के बाद, भवन की मरम्मत की अनुशंसा की गई थी। मरम्मत के बाद, भवन का जीवनकाल तीन वर्ष और बढ़ जाएगा। राज्य लोक निर्माण विभाग ने सरकार द्वारा स्वीकृत साढ़े चार करोड़ की राशि से अस्पताल भवन की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। बाह्य रोगी विभाग में प्रतिदिन 1700 से अधिक मरीज पंजीकृत होते हैं।

350 बिस्तरों वाले नए भवन को मंजूरी सरकार ने 350 बिस्तरों वाले प्रस्तावित नए अस्पताल भवन को मंजूरी दे दी है। हालाँकि, जब तक नया भवन नहीं बन जाता, तब तक मरीजों को मौजूदा जर्जर भवन में इलाज कराने के लिए अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ेगी। मरीजों की बढ़ती संख्या और भवन की खतरनाक स्थिति को देखते हुए, यहाँ आने वाले मरीजों का कहना है कि मरम्मत कार्य में तेजी लाना और नए अस्पताल का काम जल्द से जल्द शुरू करना आवश्यक है।



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट ने साफ की सीमाएं

उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों को लेकर एक बार फिर जो कहा है, वह जन सुरक्षा के लिहाज से अहम है। दरअसल, संस्थागत क्षेत्रों और राजमार्गों से इन्हें हटाने के आदेश को व्यापक परिप्रेक्ष्य में लेने की जरूरत है। इसमें कोई दोराय नहीं कि न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, बल्कि देशभर में आवारा कुत्तों की समस्या गंभीर है। इस संबंध में मीडिया रपटों को अदालत ने कुछ समय पहले संज्ञान में लिया था। तब अदालत ने स्पष्ट कर दिया था कि लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस बार भी अदालत ने अपने आदेश में जन सुरक्षा को केंद्र में रखा है।

गौरतलब है कि शीर्ष अदालत की विशेष पीठ ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों के मामले में कई बातें कहीं। अदालत ने शैक्षणिक केंद्रों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटे जाने की बढ़ती घटनाओं को संज्ञान में लिया है।

इस बार अधिकारियों को सचेत किया गया है। न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित सभी प्राधिकारियों को आदेश दिया है कि राजमार्गों से आवारा कुत्तों और अन्य मवेशियों को हटा कर निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में ले जाया जाए। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्थानीय नगर निकायों के माध्यम से ऐसे संस्थागत क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जहां आवारा कुत्ते पाए जाते हैं।

मनुष्य और पशु के बीच लगातार जटिल होते इस मसले पर अदालत ने सख्त रुख दिखाया है। आवारा कुत्तों का प्रबंधन, सुरक्षा और स्वास्थ्य उसकी प्राथमिकता में हैं। सवाल है कि गंभीर होती गई इस समस्या के लिए कौन जिम्मेदार है? यह कहना गलत न होगा कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों को गंभीरता से लिया गया होता, तो आवारा कुत्तों की संख्या बेतहाशा नहीं बढ़ती और न ही उन्हें सड़कों से उठाने की नौबत आती।

हालांकि पिछली बार अदालत ने अपने संशोधित आदेश में कुत्तों के बंध्याकरण और टीकाकरण के बाद उन्हें उसी जगह छोड़ने का निर्देश दिया था। मगर इस बार का आदेश स्पष्ट है। अब अधिकारियों को राजमार्गों और संस्थागत क्षेत्रों से आवारा कुत्तों और अन्य जानवरों को हटाना होगा। उन्हें दोबारा उसी जगह नहीं छोड़ा जा सकेगा। अदालत ने दरअसल मानवीय संवेदना और जन सुरक्षा के सवालों के बीच एक संतुलन के तकाजे पर जोर दिया है।

# विचार: तकनीकी विकास पर ध्यान दे निजी क्षेत्र

केंद्र सरकार देश के निजी क्षेत्र से लगातार कह रही है कि वह अपने लाभ का कुछ प्रतिशत शोध एवं विकास यानी आरएंडडी में लगाए। हाल में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के प्रमुख ने भी कहा कि निजी क्षेत्र पैसे को 'नकद' के रूप में रखने की जगह निवेश करे तो देश की जीडीपी सात प्रतिशत तक जा सकेगी। भारत में शोध एवं विकास जैसे तात्कालिक लाभ न देने वाले उपक्रमों को सरकार के भरोसे छोड़ने का निजी क्षेत्र का रिकार्ड रहा है।

हालांकि शोध एवं विकास के लाभ लेने में वे सबसे आगे रहते हैं। अमेरिका जैसे संपन्न देशों में निजी क्षेत्र आरएंडडी के लिए सरकार का इंतजार नहीं करता। गूगल, एनवीडिया या माइक्रोसाफ्ट अधिकांश नवाचार अपने बूते करते हैं। क्वांटम कंप्यूटिंग में गूगल का 'विलो' इसका ताजा उदाहरण है।

तकनीकी नवाचार मानव का स्वभाव है। चूंकि यह जीवन और उसके उपादानों को सहज और सस्ता करता है, लिहाजा इसे अंगीकार करना अपरिहार्य होता है। बैलगाड़ी, साइकिल, मोटर-चालित वाहन, वायुयान-इनमें से किसी के प्रयोग को रोकना समाज को निश्चित ही अवनति की ओर ले जाता है। कंप्यूटर और इंटरनेट तकनीकी का नया दौर है-एआइ, लेकिन यह दौर यहीं नहीं ठहरा है। अगला चरण क्वांटम कंप्यूटिंग का है। यह भी वर्चुअल फेज से निकल कर वास्तविक और व्यावहारिक प्रयोग में आने लगा है। नए क्वांटम कंप्यूटर दुनिया के सबसे तेज सुपर कंप्यूटर के मुकाबले लाखों गुना तेजी से गणना करने जा रहे हैं।



चिकित्सा, शिक्षा के साथ कोविड जैसी महामारी में वैक्सीन तैयार करने और कैंसर की कोशिकाओं का त्वरित विश्लेषण कर सटीक निदान बताने में ही नहीं, बल्कि युद्ध में भी इस नई टेक्नोलाजी की अप्रतिम भूमिका होगी।

आज दुनिया के विकसित देशों में होड़ इस बात की नहीं है कि कौन ज्यादा सक्षम ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) बनाएगा या ज्यादा एआइ यूनिट्स स्थापित करेगा। अब यह दौड़ क्वांटम कंप्यूटिंग में क्षमता विकसित करने की हो गई है। जो देश सबसे ज्यादा क्यूबिट्स वाले क्वांटम कंप्यूटर बना सकेगा, वही विजयी होगा-बौद्धिक ही नहीं, आर्थिक और सामरिक रूप से भी। फिलहाल इस दौड़ में अमेरिका का गूगल अपने सुपर कंप्यूटर विलो और चीन अपने जूचोंगझी-3 के साथ खड़े हैं। यूरोप एक जमाने में वैज्ञानिक शोध में सबसे आगे रहा था, लेकिन अब इसमें पिछड़ता जा रहा है।

भारत भी इस दौड़ में पीछे है। रेस में बना रहना है तो अमेरिका और चीन का मुकाबला करने के लिए उसे अपनी पूरी शक्ति लगानी होगी। 2021 में 76,000 करोड़ रुपये (85 करोड़ डालर) के परिव्यय के साथ केंद्र सरकार ने नेशनल सेमीकंडक्टर मिशन शुरू किया, जबकि क्वांटम कंप्यूटिंग में प्रमुख देशों के प्रयास देखते हुए 2024 में नेशनल क्वांटम मिशन के लिए अगले सात साल के लिए मात्र 70 करोड़ डालर का फंड रखा। दोष सरकार का नहीं है। विलो अमेरिकी सरकार ने नहीं बनाया है, न ही उसने कोई फंड दिया है। गूगल शोध में अपने व्यय से यह कमाल करके आज दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।

पिछले एक साल में एनवीडिया का राजस्व दोगुना हुआ है। यह संभव इसलिए हुआ है कि इन निजी कंपनियों ने शोध में जम कर पैसा लगाया। इसके उलट भारत में आजादी के बाद से ही निजी क्षेत्र ने अपने को निरीह और क्षमता-विहीन माना और शोध एवं विकास या ढांचागत विकास के लिए सरकार पर आश्रित रहने लगा। इस कारण भी देश तकनीकी नवाचार के मामले में पिछड़ गया। भारत में शोध पर कुल खर्च इसकी जीडीपी का मात्र 0.6 प्रतिशत है, जबकि चीन का लगभग 2.68 प्रतिशत। ध्यान रहे कि चीन की जीडीपी भारत की लगभग पांच गुना है। यानी शोध राशि में अंतर 20 गुना है। दुर्भाग्यवश भारत में निजी क्षेत्र का योगदान मात्र 37 प्रतिशत है।

वित्त मंत्रालय की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार देश में एआइ और मशीन-लर्निंग तकनीकी जानने वालों की नौकरियां 61 प्रतिशत बढ़ी हैं। एमेजोन ने दुनिया भर में 22 हजार कर्मियों को निकालने की प्रक्रिया शुरू की है, जिसमें भारत के 1000 कर्मी हैं। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट कहती है कि दक्षिण एशिया के देशों में एआइ की वजह से उद्योगों में नौकरियां 20 प्रतिशत कम हुई हैं। साथ ही एआइ-संबंधित स्किल वालों का वेतन 30 प्रतिशत बढ़ा है।





केवल वही प्रेम अनंत है
जो हमारे भीतर मौजूद है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बिना बीमा वाले वाहनों पर लगाम की तैयारी

यह अच्छा है कि सरकार बिना बीमा वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए इंश्योरेंस इन्फार्मेशन ब्यूरो बनाया जा रहा है, जहां सभी वाहनों का डाटा होगा। इस ब्यूरो के जरिये जिन वाहनों का बीमा नहीं पाया जाएगा, उनके मालिकों को चेतावनी संदेश भेजा जाएगा और उस पर ध्यान न देने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसा किया ही जाना चाहिए, लेकिन यह ध्यान रहे कि बात तब बनेगी, जब बीमा रहित वाहन चलाने वालों के खिलाफ सचमुच कठोर कार्रवाई की जाएगी।

चूंकि अभी ऐसा नहीं किया जाता, इसलिए बड़ी संख्या में लोग बीमा खत्म होने के बाद भी उसके बगैर वाहन चलाते रहते हैं। यह स्थिति यही बताती है कि अपने देश में आवश्यक नियम-कानूनों का पालन न करने की प्रवृत्ति कायम है। यह प्रवृत्ति सब चलता है वाले रवैए को ही बयान करती है। यह प्रवृत्ति वाहन मालिकों के साथ-साथ सरकारी तंत्र की ढिलाई का भी नतीजा है।



यह ढिलाई किस बड़े पैमाने पर बरती जा रही है, इसका पता इससे चलता है कि सुप्रीम कोर्ट में पेश किए गए एक आंकड़े के अनुसार देश में 50 प्रतिशत से अधिक वाहन बिना बीमा के चलाए जाते हैं। जब कभी बिना बीमा वाले वाहन दुर्घटना से दो-चार होते हैं, तब वाहन स्वामी के साथ हादसे के शिकार व्यक्ति को भी अतिरिक्त मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

अपने देश में मार्ग दुर्घटनाओं और उनमें मरने एवं घायल होने वालों की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है। बिना बीमा वाहन चलाने वाले दुर्घटना की स्थिति में अपने साथ-साथ दूसरों को संकट में ही नहीं डालते, मुकदमेबाजी का कारण भी बनते हैं। ऐसे लोग इससे बेपरवाह रहते हैं कि उनके वाहन का बीमा न पाए जाने पर उन्हें जुर्माना भरना पड़ सकता है। इस बेपरवाही के मूल में है जुर्माने की राशि अधिक न होना और पकड़े जाने पर कुछ ले-देकर या रौब जमाकर छूट जाने का भरोसा होना।

नियम-कानूनों की अनदेखी तभी होती है, जब उनके पालन का तंत्र निष्प्रभावी या नाकाम होता है। अपने देश में ऐसा हर क्षेत्र में होता है। इसी कारण सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ती रहती है और बढ़ते सड़क हादसों पर लगाम नहीं लग पा रही है। आवश्यक केवल यह नहीं कि बिना बीमा वाहन न चलने दिए जाएं, बल्कि यह भी है कि अकुशल चालकों, खटारा वाहनों, खराब सड़कों के साथ-साथ यातायात नियमों की अवेहलना के चलते होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए।

इसके लिए केवल नियम-कानूनों को कठोर ही नहीं करना होगा, उन पर सही तरह अमल भी सुनिश्चित करना होगा। आम तौर पर ऐसा करने की घोषणा कर दी जाती है और कभी-कभी तो नियम-कानूनों में संशोधन भी कर दिया जाता है, लेकिन उनके पालन के अभाव में नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है।

# पहाड़ी पर आज भी रहता है कालिया नाग!

**जरा हट के**

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गौरिहार तहसील के अंतर्गत आने वाले गहबरा गांव में एक ऐसा पहाड़ है, जिसको लेकर किंवदंती है कि इस स्थान पर आज भी कालिया नाग वास करता है. बुजुर्गों के मुताबिक, यहां कालिया नाग का मंदिर भी था. यहां पूजा भी होती थी. साथ ही बच्चों का मुंडन भी होता था. ग्रामीणों ने लोकल 18 को बताया कि पहाड़ी के ऊपर एक स्थान है, जहां कालिया नाग वास करता है. बरसात के बाद जंगल बढ़ जाने के कारण वहां तक पहुंचना मुश्किल हो रहा था. मंदिर जाने के लिए तो रास्ता था लेकिन कालिया नाग के स्थान पर जाना काफी मुश्किल था. घना जंगल और जंगली जानवर होने से वहां तक जा पाना संभव नहीं था, फिर भी दूर से ही हमने इस स्थान को देखने की कोशिश की.

स्थानीय निवासी ब्रह्मानंद लोकल 18 को बताते हैं कि इस स्थान के बारे में हम बुजुर्गों से सुनते आए हैं कि यह विशाल



कालिया नाग का स्थान है. हालांकि हमने तो नहीं देखा है क्योंकि जब से समझने लगे कि यहां कालिया नाग का स्थान है, तो जाना छोड़ दिया. यहां पहले पूजा भी होती थी. बच्चों का मुंडन भी होता था. हालांकि आज भी कुछ परिवार के लोग मुंडन कराने जाते हैं. यहां तक जाने के लिए रास्ता भी है. पहाड़ की दूसरी तरफ से सीधा रास्ता है, चढ़ना भी नहीं पड़ता है. अभी जंगल ज्यादा बढ़ गया है, इसलिए लोग जाने से बचते हैं क्योंकि यहां जहरीले और जंगली जीव भी रहते हैं.

ब्रह्मानंद आगे बताते हैं कि जब उस स्थान पर एक बाबा रहते थे, तो कालिया नाग को पकड़ने के लिए एक सपेरे को बुलाया गया था लेकिन जैसे ही वह सपेरा पहुंचा, तो वह अचानक अंधा हो गया. इसके बाद सपेरे ने विनती की. बुजुर्ग बताते थे कि इसके बाद उसे दिखाई देने लगा.

वहीं 74 वर्षीय पुजारी रामफल शुक्ला लोकल 18 को बताते हैं कि कालिया नाग के स्थान पर गांव के ही एक बुजुर्ग पुत्तू बाबा रहते थे. वह दशहरा पर वहां पान भी रखने जाते थे और दीपावली में दीया भी रखते थे. नाग पंचमी के दिन पूजा होती थी. हालांकि अब वहां कोई नहीं जाता. कालिया नाग के इस स्थान पर ग्रेनाइट की बड़ी-बड़ी गुफाएं आज भी हैं. इन गुफाओं में एक साथ 500 लोग बैठ सकते हैं.




# आलू कुर्मा रेसिपी

**आलू कुर्मा एक बेहतरीन रेसिपी है जिसमें भूनकर काजू, मसाले और दही के साथ ग्रेवी तैयार की जाती है। गर्मी के मौसम में ब्रंच टाइम या फिर डिनर पार्टी के लिए यह अच्छा आॅप्शन है।**

**सामग्री :**

- 10 ग्राम अदरक पेस्ट
- 20 ग्राम लहसुन पेस्ट
- 3 ग्राम लाल मिर्च पाउडर
- 6 ग्राम धनिया पाउडर
- 125 ग्राम दही

**कुकिंग सामग्री :**

- 90 ग्राम देसी घी
- 4 हरी इलाइची (पानी के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें।)
- काजू, रोस्टेडस्वादानुसार नमक
- 1 टी स्पून हरी इलाइची पाउडर
- 1.5 ग्राम कालीमिर्च पाउडरएक चुटकी जायफल पाउडर
- 1 टी स्पून नींबू का रस
- 3 टेबल स्पून डेयरी क्रीम
- 20 ग्राम हरा धनिया

**विधि :**

आलूओं को धोकर, छील लें और आधा काट लें, इन्हें फ्राई करने के लिए एक पैन में तेल गर्म करें। जब आलू सूख जाएं तो इन्हें गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें। दही का मिश्रण बनाने के लिए सभी सामग्री को एक साथ मिला लें और एक तरफ कर दें। एक पैन में देसी घी डालकर मीडियम आंच पर रख दें, इसमें हरी इलाइची डालें और इसका रंग बदलने चलाएं। अब इसमें कटा हुआ प्याज डालें और गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें। इसमें एक कप पानी डालें और इसे लगातार चलाते रहे ताकि इसका




पानी सूख जाए और तेल अलग हो जाए. इसमें दही का मिश्रण डालें, इसे चलाएं और तेल अलग होने तक इसे भूनें। इसके बाद इसमें काजू का पेस्ट डाले और लगातार भूनें। अब इसमें आलू डालें, इसी के साथ नमक, एक कप पानी, इलाइची, कालीमिर्च और जायफल पाउडर डालें और ढककर धीमी आंच पर 4 से 5 मिनट तक पक पकाएं या फिर जब आलू पानी सोख न लें। इसका ढक्कन हटाएं, इसमें नींबू का रस डालकर एक मिनट के लिए पकाएं, इसमें क्रीम डालकर आंच से हटा लें। बाउल में निकाल और हरे धनिये से गार्निश करके सर्व करें।

# लंग कैंसर की शुरुआत हो सकते हैं ये 4 लक्षण

लंग कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जो दुनियाभर में लोगों के लिए परेशानी की वजह बनी हुई है। पूरी दुनिया में कई लोग इसका शिकार हैं और कई इसकी वजह से अपनी जान भी गंवा चुके हैं। कई साल तक लोग यही सोचते रहे कि सिगरेट पीना फेफड़ों के कैंसर का मुख्य कारण है, लेकिन अब वजह और भी है।

### क्यों खतरनाक है वायु प्रदूषण?

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली में मेडिकल ऑन्कोलॉजी के सीनियर डायरेक्टर डॉ. विकास गोस्वामी बताते हैं कि वायु प्रदूषण हानिकारक पदार्थों जैसे बेहद छोटे धूल के कण (PM2.5 और PM10), नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कार्बनिक कंपाउंड नामक केमिकल का मिश्रण है। ये कण



इतने छोटे होते हैं कि ये हमारे शरीर के नेचुरल डिफेंस को भेदकर फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं।

### कैसे कैंसर का कारण बनती है जहरीली हवा

यहां तक कि यह खून में भी प्रवेश कर सकते हैं। एक बार अंदर जाने पर ये सूजन, डैमेज और हमारे सेल्स में मौजूद डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं। समय के साथ, इससे सेल्स में ऐसे बदलाव आ सकते हैं, जो कैंसर का कारण बनते हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) ने बाहरी वायु प्रदूषण और सूक्ष्म कणों को ग्रुप 1 कार्सिनोजेन्स (कार्सिनोजेन्स) घोषित किया है, जिसका मतलब है कि ये तंबाकू और एस्बेस्टस जितने ही खतरनाक हैं।

### किन लोगों को है ज्यादा खतरा

भारत और अन्य स्थानों पर हाल के अध्ययनों से पता चला है कि ज्यादा लोग बिना धूम्रपान किए, खासकर दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रदूषित इलाकों में, फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं। डॉक्टर आगे बताते हैं कि लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेना उतना ही हानिकारक हो सकता है, जितना कि रोजाना कई सिगरेट पीना। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को लोगों को इसका खतरा ज्यादा होता है, क्योंकि उनके फेफड़े छोटे होते हैं और वे ज्यादा देर तक प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं।

### लंग कैंसर के शुरुआती लक्षण

शुरुआती लक्षण को लोग अक्सर अनदेखा कर देते हैं या प्रदूषण के कारण होने वाली एलर्जी समझ लेते हैं। हालांकि, लंबे समय तक इन लक्षणों के रहने पर इन्हें इग्नोर नहीं करना चाहिए। ये लक्षण निम्न हैं-

- लंबे समय तक रहने वाली खांसी
- सांस लेने में थोड़ी तकलीफ
- सीने में तकलीफ
- असामान्य थकान

### कैसे करें फेफड़ों की सुरक्षा...

- एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) दिखाने वाले एप्स का इस्तेमाल करके नियमित रूप से वायु गुणवत्ता की जांच करें और प्रदूषण ज्यादा होने पर बाहर जाने से बचें।
- हानिकारक कणों को रोकने के लिए N95 या इसी तरह का कोई सुरक्षात्मक मास्क पहनें।
- एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करके, घर के अंदर धूम्रपान या धूपबत्ती जलाने से बचें और प्रदूषण का लेवल कम होने पर खिड़कियां खोलकर घर के अंदर की हवा को साफ रखें।
- ऐसे फूड्स खाएं, जो फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिए अच्छे हों, जैसे खट्टे फल, पत्तेदार सब्जियां, हल्दी और ड्राई फ्रूट्स, जो एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद करते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**वृषभ** : व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**मिथुन** : नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कर्क** : व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे।

**सिंह** : राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें। तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**कन्या** : व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें।

**तुला** : राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृश्चिक** : प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**धनु** : बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर** : आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**कुंभ** : कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धनार्जन होगा।

**मीन** : नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# क्या होगा अगर एक महीने तक रोज अंडे खाएंगे आप?


**यह तो सभी जानते हैं कि अंडे खाना सेहत के लिए फायदेमंद है, लेकिन इससे क्या फायदे मिलते हैं, ये काफी कम लोग ही जानते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि क्या होगा अगर आप रोजाना एक महीने तक एक अंडा खाएंगे। आइए जानते हैं रोज एक अंडा खाने से शरीर में होने वाले बदलावों के बारे में-**

### मसल्स के विकास में मददगार

प्रोटीन का अच्छा सोर्स होने की वजह से अंडे मसल्स के विकास में काफी ज्यादा मदद करते हैं। अंडे में सभी जरूरी अमीनो एसिड होते हैं, जिसकी वजह से मसल्स को इसका काफी फायदा मिलता है। पोल्ट्री साइंस में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, रोजाना एक अंडा खाने से लीन मसल्स का विकास हो सकता है।

### हार्ट हेल्थ में सुधार करे

अगर आप रोजाना एक अंडा खाते हैं, तो इससे आपकी हार्ट हेल्थ में सुधार हो सकता है। आमतौर पर ऐसा माना जाता है कि अंडा खाने से कोलेस्ट्रॉल संबंधी समस्याएं हो सकती है, लेकिन हाल ही में सामने आई एक स्टडी में यह पता चला कि नियमित रूप से इसे खाना हार्ट हेल्थ



के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें कोलीन और ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होता है, जो हार्ट हेल्थ बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

### दिमाग और आंखों के लिए फायदेमंद

अंडों में कोलीन भरपूर मात्रा में होता है। यह एक ऐसा पोषक तत्व है, जो ब्रेन फंक्शन, मेमोरी और मूड रेगुलेशन के लिए जरूरी है। साल 2023 के एक शोध में पता चला कि कोलीन ब्रेन को एक्टिव करता और फोकस रखने वाले न्यूरोट्रांसमीटर के प्रोडक्शन में मदद करता है। इसके अलावा, अंडे की जर्दी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट ल्यूटिन और जेक्सैंथिन आंखों को ब्लू लाइट से होने वाले नुकसान और उम्र से संबंधित विजन लॉस से बचाने में मदद करते हैं।

### वेट मैनेजमेंट में मददगार

अगर आप अपना वजन कंट्रोल करना चाहते हैं, तो अंडे को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। रोजाना एक महीने तक अंडा खाने से वजन कम करने या उसे बनाए रखने में मदद मिलती है। 2009 में प्रकाशित एक शोध से पता चलता है कि जो लोग नाश्ते में अंडे खाते हैं, वे दिन भर में कम कैलोरी लेते हैं। हालांकि, यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप उन्हें कैसे पकाते हैं।

### स्किन और बालों के लिए भी असरदार

अंडा न सिर्फ फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह आपके बालों और स्किन के लिए भी असरदार है। अंड में मौजूद बायोटिन, विटामिन डी और अमीनो एसिड हेल्थी स्किन, बालों और नाखूनों के लिए जरूरी हैं।

# सर्दी में बच्चों को जायफल चटाने के फायदे



दरअसल, जायफल को कूट लें और इसे घी या शहद में मिला कर बच्चे की नाभि पर लगाए. ऐसा करने से पेट के दर्द की समस्या दूर हो जाएगी. साथ ही बच्चे का मेटाबोलिज्म भी तेज होता है.

**सर्दी, खांसी-जुकाम से बचाए:** छोटे बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर होने से बीमारियां उन पर जल्दी अटैक करती हैं. ऐसे में जायफल का सेवन करा सकते हैं. ऐसा करने से सीजनल इंफेक्शन होने का खतरा कम होता है. साथ ही बच्चे का सर्दी-जुकाम से भी बचाव होगा. क्योंकि, जायफल तासीर में गर्म होती है. इसे खाने से खांसी में आराम मिलता है. इसका सेवन जायफल को पीसकर शहद में मिलाकर बच्चे को चटाना होगा.

**पेट दर्द, अपच में राहत दिलाए:** सर्दी में बच्चों को जायफल का सेवन कराने से अपच में राहत मिलती है. दरअसल, बच्चों को कई बार अपच की समस्या हो जाती है. इस परेशानी से बचने के लिए आप जायफल का इस्तेमाल कर सकते हैं.

**कान दर्द में आराम:** बच्चों को कान में दर्द होने पर जायफल खिला सकते हैं. जायफल में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जिससे कान के दर्द और सूजन में आराम मिलता है. इसके एंटी बैक्टीरियल गुण से कान की गंदगी साफ हो जाती है. जायफल को पीस लें और लेप बना कर कान के पीछे लगा दें. इसस कान का दर्द और सूजन कम हो जाएगी. आप चाहें तो सहसों के तेल में जायफल मिलाकर बच्चे का कान में डाल सकते हैं.

**भूख बढ़ाए:** डॉक्टर बताती हैं कि, दूध में जायफल मिलाकर पिलाने से बच्चे की भूख खुलती है. इससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है. जायफल खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और डाइजेशन में भी सुधार आता है. बच्चों की भूख बढ़ाने के लिए जायफल का इस्तेमाल कर सकते हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यूपी समाज कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार करने वाले 4 अधिकारी बर्खास्त, 3 की कटेगी पेंशन

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक बार फिर भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए जीरो टॉलरेंस के तहत समाज कल्याण विभाग के 4 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। इनके अलावा 3 सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई और उनकी पेंशन में कटौती के आदेश जारी हुए। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग ने भ्रष्टाचार के आरोपी 04 अधिकारियों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्यवाही करते हुए 03 सेवानिवृत्त अधिकारियों के पेंशन से कटौती का निर्देश दिया है। इनमें से भ्रष्टाचार के कुछ मामले पिछले डेढ़ दशक से भी अधिक समय से लंबित पड़े थे. आरोपी अधिकारियों में से तीन सेवानिवृत्त हो गए हैं। इनसे सरकारी रकम की वसूली के साथ पेंशन से स्थायी कटौती करने का निर्देश दिया गया है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री असीम अरुण की निगरानी में हुई जांच के बाद आरोपी अधिकारियों पर कार्यवाही हुई है। विभागीय मंत्री ने सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही का निर्देश दिया है।

### मैं आत्महत्या कर रहा हूं, पत्नी के खिलाफ सुसाइड नोट लिख पति ने दी जान

**बदायूं.** यूपी के बदायूं के दातागंज कोतवाली के बेहटा माधव गांव में पत्नी के खिलाफ सुसाइड नोट लिखकर अधिवक्ता ने फंदे से लटक कर जान दे दी। सुसाइड नोट में अधिवक्ता ने मौत के लिए पत्नी को दोषी ठहराया है। पत्नी बच्चे को लेकर दूसरे युवक के साथ चली गई थी। अधिवक्ता पत्नी के जाने से आहत थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। घटना दातागंज कोतवाली के बेहटा माधव गांव में हुई। अधिवक्ता दुर्विजय सिंह (40) ने शुक्रवार को घर में ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक दिखाई नहीं देने पर परिवार के लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे से लटके हुए थे। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला। सुसाइड नोट में अधिवक्ता ने अपनी मौत के लिए पत्नी रेशमा को दोषी बताया। सुसाइड नोट में दुर्विजय सिंह ने लिखा कि वह आत्महत्या कर रहा है, लेकिन पुलिस को जरूर बुलाया जाए ताकि उसकी पत्नी जेल जा सके। उन्होंने लिखा कि वह अपनी पत्नी की वजह से ही आत्महत्या कर रहा है।

### बंटवारे के विवाद में बेटों ने पिता को दौड़ाकर पीटा, मौत के घाट उतार कर दोनों फरार

**कौशांबी.** यूपी में कौशांबी के मंझनपुर में करारी कस्बे के नेता नगर मोहल्ले में शुक्रवार की शाम बेटों ने बंटवारे को लेकर हुए विवाद के दौरान बुजुर्ग पिता की दौड़ा-दौड़ाकर पिटाई की। बीच-बचाव करने पहुंचे बड़े भाई को भी पीटा। पिटाई से जख्मी बुजुर्ग की शनिवार सुबह मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। करारी के नेता नगर निवासी 60 वर्षीय दुर्गा प्रसाद सरोज पुत्र राम अवतार को ज्ञान सिंह, वीरेंद्र व विमलेश समेत तीन बेटे हैं। पत्नी श्रीमती ने बताया कि उन्होंने पिछले दिनों एक बीघा जमीन बड़े बेटे ज्ञान सिंह के नाम लिख दी थी। बाकी जायदाद भी वह बड़े बेटे को ही लिखने की तैयारी कर रहे थे। छोटे दोनों पुत्र प्रापर्टी में बराबर का बंटवारा करना चाहते थे। इसी बात को लेकर शुक्रवार की शाम झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ी कि छोटे बेटे वीरेंद्र व विमलेश ने पिता दुर्गा प्रसाद सरोज की गाली-गलौच करते हुए दौड़ा-दौड़ाकर लाठी से पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे बड़े भाई ज्ञान सिंह को भी जमकर पीटा।

चीख-पुकार पर जुटे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। घायल पिता-पुत्र को आननफानन एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहां शनिवार की सुबह इलाज के दौरान दुर्गा प्रसाद सरोज की मौत हो गई। पिटाई से जख्मी ज्ञान सिंह का इलाज एसआरएन प्रयागराज में चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत भी गंभीर है।

# गुजरात एटीएस ने ISIS के 3 आतंकी पकड़े

- **देश में कई जगह हमले करने की प्लानिंग कर रहे थे**
- **हथियार जमा करने पहुंचे थे गुजरात**



**अहमदाबाद.** गुजरात एटीएस ने आतंकी गतिविधियों में शामिल तीन लोगों को अहमदाबाद के अडालज से गिरफ्तार किया है। एटीएस टीम पिछले कुछ दिनों से इन पर नजर रख रही थी। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद एटीएस ने रविवार सुबह तीनों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला है कि तीनों आईएसआईएस के लिए काम कर रहे थे।

**■ दो यूपी से, एक हैदराबाद का निवासी**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए दो आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जबकि तीसरा आतंकी हैदराबाद का निवासी है। तीनों यूपी से गुजरात के अडालज पहुंचे थे। इनके पास से तीन पिस्तौल, 30 कारतूस और भारी मात्रा में केमिकल बरामद किया गया है।

**■ देश में कई जगहों पर हमले की योजना थी**

एटीएस को जानकारी मिली है कि आतंकी हथियार जमा करने के लिए गुजरात आ रहे थे और इनकी योजना देश में कई जगहों पर हमले करने की थी। तीनों आतंकी दो अलग-अलग मॉड्यूल का हिस्सा हैं। एटीएस के रडार पर मौजूद आतंकी देश में किन जगहों पर हमला करने वाले थे, इसकी जाच शुरू कर दी गई है। गुजरात एटीएस दोपहर करीब 1:30 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगे की जानकारी देगी।

**■ 4 महीने पहले भी पकड़ाए थे 4 आतंकी**

इससे पहले गुजरात एटीएस ने अगस्त महीने में चार आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इनमें से दो को गुजरात, एक दिल्ली और एक नोएडा से अरेस्ट किया गया था। चारों नकली नोटों के रैकेट और आतंकी संगठन से लोगों को जोड़ने का काम कर रहे थे।

ये ऐसे एप्स का उपयोग कर रहे थे जिसमें कंटेंट अपने आप डिलीट हो जाता है। चारों अल कायदा से जुड़े अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (AQIS) के लिए काम कर रहे थे। ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और कुछ संदिग्ध ऐप्स के जरिए लोगों से संपर्क कर रहे थे।

**■ सीमा पार के आतंकियों से संपर्क**

एटीएस के मुताबिक आरोपियों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है और ये भारत में आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे। इन आतंकियों को कुछ खास और संवेदनशील ठिकानों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए थे। ये चारों आतंकी सोशल मीडिया ऐप्स के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। जांच में यह भी सामने आया है कि इनका संपर्क सीमा पार बैठे आतंकियों से भी था।

**आसिम मुनीर का नया हथकंडा!**

## पाकिस्तानी युद्धपोत 1971 के बाद पहली बार बांग्लादेश पहुंचा




**ढाका.** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार हटने और मोहम्मद यूनुस की अगुआई में अंतरिम सरकार गठित होने के बाद से ही भारत के साथ संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। वहीं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का झुकाव पाकिस्तान की ओर बढ़ता ही जा रहा है। अब पाकिस्तानी सेना का एक युद्धपोत बांग्लादेश के कटगांव पोर्ट पर पहुंच गया है। 1971 के युद्ध के बाद पहली बार है जब यहां कोई पाकिस्तानी पोत पहुंचा है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तानी नौसेना का पीएनएससैफ (PNF SAIF) युद्धपोत चटगांव पहुंचा है। बांग्लादेशी नौसेना ने पाकिस्तानी युद्धपोत का जबरदस्त स्वागत भी किया।

**क्या भारत की घेराबंदी करना चाहता है पाकिस्तान**

- पाकिस्तान का युद्धपोत चटगांव पहुंचना भारत के लिए चुनौती वाली बात है। जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान किसी तरह से भारत की घेराबंदी करने का प्लान बना रहा है। 1971 के बाद से ही बांग्लादेश और पाकिस्तान के संबंध अच्छे नहीं रहे हैं लेकिन पिछले कुछ महीने में सब कुछ बदल गया है। इस समय पाकिस्तान के नौसेना प्रमुख ऐडमिरल नावीन अशरफ भी बांग्लादेश की यात्रा पर हैं।
- पाकिस्तान के टॉप मिलिट्री कमांडर जनरल साहिर श्मशाद मिर्जा कुछ दिन पहले ही बांग्लादेश की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मोहम्मद यूनुस से भी मुलाकात की थी। बता दें कि बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में हिंसक छात्र आंदोलन हुआ था। इसके बाद शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा था। फिलहाल वह भारत की शरण में हैं। वहीं मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया था।

## भारतीय वायुसेना का 93वां स्थापना दिवस

**■ ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर 75 विमानों का फ्लाइंग डिस्प्ले**

**गुवाहाटी.** भारतीय वायु सेना के 93वें स्थापना दिवस पर नॉर्दर्न कमांड गुवाहाटी में पहला एयर शो हुआ। वायुसेना के एयर वॉरियर्स ने ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 25 से ज्यादा फॉर्मेशन बनाए। इसके लिए राफेल, सुखोई, तेजस समेत 75 से ज्यादा प्लेन और हेलिकॉप्टरों ने फ्लाइंग डिस्प्ले किया।

इस साल वायुसेना दिवस की थीम "अचूक, अभेद्य और सटीक" है, जो भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता, लचीलेपन और सटीकता पर ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है।


**सात एयरपोर्ट्स भरी उड़ान**

फ्लाइंग डिस्प्ले के लिए वायुसेना के वॉरियर्स ने गुवाहाटी, तेजपुर, जोरहाट, छाबुआ, हासीमारा, बागडोगरा और पानागढ़ से उडान भरी। लड़ाकू विमानों में राफेल, सुखोई-30, अपाचे, मिग-29, आईएल-78 रिफ्यूलर, मिराज, जगुआर, सी-17 ग्लोबमास्टर, एमआई-17, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर-एमके1, सी-130 हरक्यूलिस, एंटोनोव एएन-32 और सूर्य किरण

# जम्मू-कश्मीर नारको-टेरर मॉड्यूल का सरगना मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**2023 से फरार था, पाकिस्तानी हैंडलर्स और ऑपरेटिव्स के बीच मुख्य कड़ी था**

**मुंबई.** जम्मू-कश्मीर की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (SIA) ने शनिवार को नारको-टेरर मॉड्यूल के सरगना को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। एजेंसी ने बताया कि आरोपी मोहम्मद अरशद उर्फ आसिफ, जो पुंछ जिले के हवेली तहसील के डेगवार-तेरवान गांव का निवासी है। SIA के प्रवक्ता के अनुसार, अरशद 2023 से फरार था और सऊदी अरब से ऑपरेट कर रहा था। वह पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स और जम्मू-कश्मीर में सक्रिय नारको-टेरर ऑपरेटिव्स के



बीच मुख्य कड़ी के रूप में काम कर रहा था। 2023 में अरशद के खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर (LOC) जारी किया गया था, जिसके बाद अदालत से गैर-जमानती वारंट भी जारी हुआ। अब आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर SIA की हिरासत में लिया गया है।

**आठ आरोपी, जिनमें से दो फरार थे**

इस मामले में कुल आठ आरोपी शामिल पाए गए थे, जिनमें से दो फरार थे। इनमें से एक फरार आरोपी लकीत अहमद को SIA जम्मू ने मार्च 2025 में अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। वह घटना के बाद दुबई भाग गया था, जहां अरशद ने उसकी यात्रा की व्यवस्था की थी।

प्रवक्ता ने बताया कि अरशद ने सुरनकोट (पुंछ) क्षेत्र में एक गुप्त बैठक की थी।, जिसमें पीर पंजाल क्षेत्र में आतंकवाद और नारको-टेरर गतिविधियों को फिर से सक्रिय करने की योजना बनाई गई थी।

SIA के अनुसार, यह गिरफ्तारी एजेंसी की नारको-टेररिज्म और सीमा पार से होने वाली आतंकी गतिविधियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# घर-घर जाने के बजाय चाय की दुकान पर बांट रहे थे फॉर्म

**■ चुनाव आयोग का 8 बीएलओ के खिलाफ ऐक्शन**

**पटना.** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में 8 बूथ स्तरीय अधिकारियों (BLO) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के लिए घर-घर जाने के बजाय चाय की दुकानों, स्थानीय क्लबों और अन्य स्थानों से फॉर्म बांट कर रहे थे। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

आयोग ने राज्य में एसआईआर की कवायद के दौरान प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए नए निर्देश भी जारी किए। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने कहा, 'आयोग ने राज्य अधिकारों को बिहार मॉडल का पालन करने का निर्देश दिया है, जिसके तहत बीएलओ को मतदाताओं के घर जाकर सीधे फॉर्म वितरित करने और एकत्र करने की आवश्यकता होती है।' प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग किसी भी बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में संकोच नहीं करेगा, जो जानबूझकर फॉर्म में छेड़छाड़ करते या किसी विशेष राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व करने वाले के प्रभाव में काम करते पाए जाते हैं। जिला निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ERO) ने अनियमित वितरण की कई शिकायतें मिलने के बाद कूचबिहार और उत्तर 24 परगना सहित कई जिलों के BLO को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

**नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी**

चुनाव आयोग ने चेतावनी दी थी कि उसके घर-घर जाकर मतदान करने के निर्देश का पालन न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, आयोग ने शनिवार को नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर - 033-22310850 - शुरू किया, ताकि वे पक्षपातपूर्ण व्यवहार में लिप्त बीएलओ के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकें।

## आडवाणी की तारीफ करना शशि थरूर को पड़ा भारी

**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर को झटका दिया है। पार्टी ने रविवार को शशि थरूर द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की तारीफ में की गई टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया। कांग्रेस ने कहा कि वह अपनी बात खुद कहते हैं और कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य के रूप में उनका ऐसा करना पार्टी की लोकतांत्रिक और उदार भावना को दर्शाता है। विपक्षी दल की यह टिप्पणी तब आई जब थरूर ने आडवाणी को जन्मदिन की बधाई देने पर आलोचना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता की लंबी सेवा को एक घटना तक सीमित करना, चाहे वह कितनी भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, अनुचित है।

तिरुवनंतपुरम के सांसद ने यह भी कहा कि जब जवाहरलाल नेहरू के करियर की समग्रता का आकलन चीन की विफलता और इंदिरा गांधी के करियर का आकलन केवल आपातकाल से नहीं किया जा सकता, तो उनका मानना है कि हमें आडवाणी जी के प्रति भी यही शिष्टाचार दिखाना चाहिए। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, हमेशा की तरह, डॉ. शशि थरूर अपनी बात कह रहे हैं और कांग्रेस उनके हालिया बयान से खुद को पूरी तरह अलग करती है।


# नीलाम होंगी मेहुल चोकसी की संपत्तियां

- **फ्लैट से लेकर कीमती रत्न तक,**
- **कोर्ट से मिली मंजूरी**

**नई दिल्ली.** 23 हजार करोड़ के पीएनबी घोटाले के आरोपी मेहुल चौकसी की 13 संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। पीएमएलए अदालत ने 46 करोड़ रुपये की कंपनियों की नीलामी की इजाजत दे दी है। इनमें बोरीवली का एक फ्लैट (कीमत 2.6 करोड़ रुपये), बीकेसी में भारत डायमंड बोर्स और कार पार्किंग का स्पेस (कीमत 19.7 करोड़), गोरेगांव की 6 फैक्ट्रियां (18.7 करोड़), चांदी की ईंटें, कीमती रत्न और कंपनी की कई मशीनें शामिल हैं।

विशेष जज एवी गुजराती ने कहा, अगर इन संपत्तियों के ऐसा ही पड़ा रहने दिया जाता है तो इनकी कीमत घटती ही चली जाएगी। इसलिए उन्हें तुरंत नीलाम करना जरूरी है। जज ने कहा कि लिक्विडेटर को फिर से प्रॉपर्टी का वैल्युएशन करवाने का अधिकार है। इसके बाद संपत्तियों की नीलामी की जा सकती है।

कोर्ट ने कहा कि लिक्विडेटर इससे प्राप्त राशि को जमा करने के लिए आईसीआईसीआई बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट कर सकता है। बता दें कि एनसीएलटी ने 7 फरवरी 2024 को लिक्विडेटर



की नियुक्ति की थी। इसके बाद कोर्ट ने नीरव मोदी और चोकसी की संपत्तियों की कीमत निर्धारित करने को अनुमति दे दी थी। बता दें कि इस समय नीरव मोदी यूके की जेल में है और चोकसी बेल्जियम की जेल में है।

**बेल्जियम के सुप्रीम कोर्ट पहूंचा मेहुल चोकसी**

मेहुल चोकसी ने बेल्जियम के सुप्रीम कोर्ट में 17 अक्टूबर को एंटवर्प की अपीलीय अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध को 'लागू करने योग्य' करार दिया गया था। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एंटवर्प स्थित अपीलीय अदालत के सरकारी अभियोजक ने कहा कि चोकसी ने 30 अक्टूबर को 'कोर्ट ऑफ कैसेशन' (उच्चतम न्यायालय) में अपील दायर की थी। महाधिवक्ता केन विटपास ने जवाब में कहा, "यह अपील पूरी तरह से कानूनी तथ्यों तक सीमित है और इसका निर्णय शीर्ष अदालत द्वारा किया जाएगा। इस प्रक्रिया के दौरान, प्रत्यर्पण की प्रक्रिया निलंबित रहेगी।"

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया से टी-20 सीरीज जीती




**अभिषेक शर्मा प्लेयर ऑफ द सीरीज**

भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए हैं। उन्होंने 5 मैचों में 161.38 के स्ट्राइक रेट से 163 रन बनाए। इसमें एक फिफ्टी शामिल रही।

**■ पांचवां मैच बारिश के कारण बेनतीजा**

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में टी-20 सीरीज में 2-1 से हरा दिया। 5वां और आखिरी मुकाबला भी बारिश के कारण बेनतीजा रहा। पहला मैच भी बेनतीजा था। चौथा और तीसरा मैच भारत ने जीता था। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच जीता था। ब्रिस्बेन के द गाबा मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने 4.5 ओवर में बगैर नुकसान के 52 रन ही बनाए थे कि मौसम खराब हो गया और खेल रोक दिया गया। ओपनर अभिषेक शर्मा 23 और शुभमन गिल 29 रन पर नाबाद लौटे। बिजली कड़कने के कारण कुछ सीटें भी खाली करानी पड़ीं। थोड़ी देर बार बारिश भी शुरू हो गई। करीब दो घंटे की बारिश के बाद मैच बेनतीजा घोषित कर दिया गया।

**ऑस्ट्रेलिया में कभी भी टी-20 सीरीज नहीं हारा भारत**

इस सीरीज के जीतने के साथ भारत का ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर टी-20 सीरीज में नहीं हारने का रिकॉर्ड कायम है। टीम ने 2008 से अब तक ऑस्ट्रेलिया में 5 सीरीज खेली हैं। इनमें से 4 में जीत मिली है, जबकि दो ड्रॉ रही हैं।

# पशु तस्करों ने BSF जवानों पर किया हमला, 5 घायल



**■ हमलावरों ने गाड़ी भी तोड़ डाली**

त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में मवेशी तस्करों के हमले में सीमा सुरक्षा बल (BSF) के 5 जवान घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम बिशालगढ़-कमठाना रोड पर भारत-बांग्लादेश सीमा के पास यह हमला किया गया और बीएसएफ के एक वाहन में भी तोड़फोड़ की गई। बिशालगढ़ पुलिस थाना प्रभारी विकास दास ने कहा, 'कमठाना सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ कर्मियों ने एक वाहन को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक वाहन को स्थानीय पशु बाजार की ओर भगा ले गया।'

थाना प्रभारी ने कहा, 'बीएसएफ कर्मी वाहन का पीछा करते हुए पशु बाजार तक पहुंच गए। वहां पशु तस्करों और बीएसएफ कर्मियों के बीच बहस हुई, जो बढ़ गई और फिर पशु तस्करों ने हमला कर दिया। इस हमले में पांच कर्मी घायल हो गए और उनके वाहन में तोड़फोड़ की गई।' पुलिस ने बताया कि इस संबंध में शिकायत दर्ज कर ली गई है और हमले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**वायरल हो रहा एक वीडियो**

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में सीनियर बीएसएफ अधिकारी अपनी आपबीती सुना रहे हैं। वह कहते हैं कि जब हमला हो रहा था, तब वहां खड़े किसी भी व्यक्ति ने हस्तक्षेप करने की कोशिश नहीं की। हालांकि, वायरल वीडियो की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। दूसरी ओर, राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के सीमावर्ती श्रीकरणपुर थाना क्षेत्र में पाकिस्तान सीमा के निकट खेत में एक बार फिर आधा किलोग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद हुआ है। इससे पहले 2 नवंबर को इसी क्षेत्र में आधा किलोग्राम हेरोइन का पैकिट मिला था। पुलिस को आशंका है कि ये दोनों पैकेट पाकिस्तानी तस्करों की ओर से ड्रोन के माध्यम से गिराए गए होंगे। ये एक बड़ी हेरोइन की खेप का हिस्सा हो सकते हैं।


**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**
**प्रभाग समिती क्र.3, सहाय्यक आयुक्त यांचे कार्यालय,**
महानगरपालिका शाळा क्र.14, मिलींद नगर, उल्हासनगर-4, दूरध्वनी क्र-2720193

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

**जा क्र उमपा/प्रसक्र-3/67/2025** | **दिनांक 7/11/2025**

## नोटीस

(महाराष्ट्र नागरी क्षेत्र झाडांचे संरक्षण व जतन अधिनियम 1975 चे कलम 8 (3) अन्वये)

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रात प्रभाग समिती क्र.3 चे हददीत खालील नमुद केलेल्या ठिकाणी वृक्ष तोडणेकामी प्रस्ताव झालेला आहे.

| अ.क्र. | अर्जदाराचे नांव | झाडाचे ठिकाण | झाडांची जात | अंदाजे झाडांची उंची | अंदाजे झाडाचा परिघ | फांदया छाटणे | खाजगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रमेश तेजवानी | सिटीएस नं. 2535, युनिट नं. 57, शिट नं. 35, चालता नं. 165/165ए, उल्हासनगर- 421003 | नारळ | 30 फुट | 3 फुट रुंद | तोडणे | खाजगी |
| | | | वड | 30 फुट | 12 फुट रुंद | तोडणे | खाजगी |
| | | | वड | 25 फुट | 7 फुट रुंद | तोडणे | खाजगी |
| | | | पिंपळ | 20 फुट | 2 फुट रुंद | तोडणे | खाजगी |
| | | एकुण झाडे | 4 झाडे | | | | |

तसेच सदर ठिकाणी संबंधित मुकादमानी झाडाची पाहणी करुन त्यांचा पाहणी अहवाल तथा पंचनामा सादर केलेला आहे. याबाबत आपली काही हरकत असल्यास लेखी स्वरुपात दि.16/11/2025 रोजी पूर्वी सहा-आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी प्रभाग समिती क्र.3 मिलींद नगर, मनपा शाळा क्र. 14, उल्हासनगर-4 या कार्यालयात सादर करावी. मुदतीत लेखी हरकत प्राप्त झाल्यास संबंधितास सुनावणी घेवुन अंतिम निर्णय घेतला जाईल, विहित मुदतीत हरकत प्राप्त न झाल्यास प्रस्तुत प्रकरणी गुणवत्तेवर निर्णय घेण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

**जा. क्र. उमपा / पीआरओ /360/2025**
**दिनांक :- 7/11/2025**

सही/-
**(विशाल कदम)**
वृक्ष अधिकारी तथा सहा आयुक्त
प्रभाग समिती क्र 3
उल्हासनगर महानगरपालिका

## संक्षेप...

### कुत्ते के हमले में दो साल की बच्ची घायल

**ठाणे.** ठाणे में एक आवारा कुत्ते के बार-बार काटने से दो साल की बच्ची घायल हो गई। दिवा इलाके में वेदा विकास कजारे पर कुत्ते के हमले की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बच्ची अपनी बिल्डिंग के बाहर एक अन्य बच्चे के साथ थी, तभी एक आवारा कुत्ते ने पीछे से आकर उस पर हमला कर दिया और उसे जमीन पर गिरा दिया। उसके पिता ने बताया कि कुत्ता गिरी हुई बच्ची को काटता रहा।

# शरद ने दिखाई सख्ती तो सुप्रिया बचाव में उतरीं...

- पार्थ पर लगे जमीन घोटाले के आरोप पर NCP में खलबली

**मुंबई.** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी पर लगे जमीन खरीद घोटाले के आरोप से NCP में खलबली मच गई है. यह खलबली केवल अजित पवार गुट में ही नहीं है. बल्कि शरद पवार गुट में भी मची है. खास बात यह है कि पवार परिवार के कुछ लोग इस मामले सख्ती दिखा रहे हैं तो कुछ पार्थ के बचाव में भी है. दरअसल अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी पर पुणे के पॉश इलाके में 1800 करोड़ की जमीन 300 करोड़ में खरीदने का आरोप लगा है. विवाद बढ़ने पर अजित पवार ने कहा कि यह डील रद्द कर दी गई है. जांच कमेटी बना दी गई है, जो एक महीने में अपनी रिपोर्ट देगी.

**शरद पवार बोले- जांच जरूरी, तथ्य समाज के सामने आना चाहिए**

शनिवार को शरद पवार ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाया. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का हवाला देते हुए, शरद पवार ने अपने पोते पार्थ पवार की कंपनी से कथित रूप से जुड़े विवादास्पद भूमि सौदे की जाँच का समर्थन किया. शरद पवार ने कहा, 'मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि मामला गंभीर है. इसलिए उन्हें जाँच करवानी चाहिए और तथ्यों को समाज के सामने रखना चाहिए.'



**सुप्रिया सुले ने किया बचाव, कहा- पार्थ गलत नहीं कर सकता**

हालांकि शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले पार्थ का बचाव करती नजर आईं. सुप्रिया सुले ने कहा कि मुझे पार्थ पर भरोसा है और वह कुछ भी गलत नहीं करेगा. सुप्रिया सुले ने बताया कि मैंने सुबह पार्थ को फोन किया और उनसे पूरा मामला समझाने को कहा. इस पर पार्थ पवार ने मुझे बताया कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है और मैंने अपने वकीलों से बात कर ली है. इसलिए अगर पार्थ पवार ने अपने वकीलों से बात की है, तो वकील ही इस बारे में बताएंगे.

इस मामले पर सवाल उपस्थित करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि पुणे में ज़मीन का मामला आख़िर है क्या? राज्य सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भी यह स्पष्ट करना चाहिए. चूंकि इस मामले में बहुत सारा भ्रम फैला हुआ है, इसलिए इस मामले में कई सवाल उपस्थित होते हैं. मेरा सवाल यह है कि यह जमीन सरकारी थी, तो क्या इसे बेचा जा सकता है? अगर बेचा जा सकता है, तो क्या लेन-देन नियमों के मुताबिक़ हुआ था?

# 'वंदे मातरम' कल, आज और भविष्य में भी प्रेरणादायक - एड. प्रबोध जयवंत

**भिवंडी.** वंदे मातरम का अर्थ है देश के प्रति वफादारी व्यक्त करना। वंदे मातरम केवल दो अक्षर नहीं हैं। यह एक मंत्र है जिसने हमारे स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरित किया। वंदे मातरम को एक हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया था। इन दो शब्दों ने स्वतंत्रता संग्राम की दिशा बदल दी। कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अनगिनत यातनाएं, दंड सहे और वंदे मातरम कहते हुए फांसी पर चढ़ गए। उस समय, वंदे मातरम शब्द सभी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रेरणादायक और ऊर्जावान स्थान था। यह शब्द स्वतंत्रता की अवधि के दौरान भी प्रेरणादायक था और यह आज भी है और कल भी रहेगा, ऐसा भारत विकास अभियान पहल के संयोजक एड. प्रबोध जयवंत ने कहा।



राज्य सरकार के आदेशानुसार, आज वंदे मातरम के 150 वें वर्ष के अवसर पर प्रबोध जयवंत मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर भिवंडी तहसीलदार अभिजीत खोले, पूर्व विधायक रूपेश म्हात्रे, स्वामी स्वरूपानंद, समाजसेवी सुंदर नाईक, पत्रकार महेंद्र सोनवणे, समाजसेवी गजेंद्र गुलवी, समूह शिक्षा अधिकारी संजय असवले, भिवंडी मनपा समाज कल्याण विभाग प्रमुख मिलिंद पलसुले, मनपा स्कूल प्रशासन अधिकारी सौदागर शिखर महदीप सिंह, चंद्रकांत म्हात्रे विश्वनाथ मात्रे, विनोद पाटिल, सुनील पाटिल, कुसुम वरघड़े आदि मंच पर उपस्थित थे।

वंदे मातरम का महत्व समझाते हुए एड. प्रबोध जयवंत ने आगे कहा कि यह गीत कश्मीर से कन्याकुमारी तक का वर्णन करता है। 1905 में बंगभंग आंदोलन में वंदे मातरम का नारा दिया गया था। तब से लेकर आज तक देश को अखंड रखने के लिए वंदे मातरम का महत्व है। देश की रक्षा के लिए हम सभी को इस गीत से प्रेरणा मिलती है। उस समय अंग्रेजों ने भी वंदे मातरम शब्द से आतंकित हो गए थे। भारत जैसे विविध भाषाई और जातीय समुदायों वाले देश में, आज हम वंदे मातरम शब्द से जुड़े हुए हैं। यहाँ यह बताना ज़रूरी है कि वंदे मातरम शब्द ही देश को एकजुट करता है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष, तहसीलदार अभिजीत खोले ने वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सरकारी पहल की जानकारी देते हुए बताया कि वंदे मातरम दो शब्द देश की एकता को दर्शाते हैं और राष्ट्र निर्माण के काम में सहायक शब्द हैं। यह भविष्य के लिए प्रेरणा देने वाला आंदोलन है। इस अवसर पर भादवड़ स्थित आईटीआई के छात्र वर्ग ने वंदे मातरम पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ पाटिल ने किया।

# मुंबई बना एशिया का हैप्पीनेस हब

- एशिया का सबसे खुश शहर मुंबई
- बीजिंग और शंघाई को छोड़ा पीछे

**मुंबई.** यह खबर मुंबईवासियों के चेहरे पर मुस्कान जरूर लाएगी. ब्रिटिश मीडिया प्लेटफॉर्म Time Out की City Life Index 2025 रिपोर्ट में मुंबई को एशिया का सबसे खुश शहर घोषित किया गया है. बीजिंग, शंघाई, थाईलैंड का चियांग माई और वियतनाम का हनोई जैसे बड़े शहरों को पीछे छोड़ते हुए मुंबई ने एशियाई चार्ट में पहला स्थान हासिल किया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, 94% मुंबईकरों ने कहा कि ये शहर उन्हें खुश रखता है. 89% लोगों का कहना है कि वे मुंबई में कहीं और से ज्यादा खुश महसूस करते हैं, जबकि 88% का मानना है कि यहां के लोग बेहद पॉजिटिव हैं. इसके अलावा, 87% लोगों ने माना कि



पिछले कुछ सालों में मुंबई में खुशहाली का स्तर बढ़ा है. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मुंबई की खुशहाली का राज उसकी ऊर्जा, कल्चर, नाइटलाइफ, करियर के मौके और बेहतरीन स्ट्रीट फूड में छिपा है.

### क्यों है मुंबई इतनी खुश?

मुंबई सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि एक एहसास है. यहां की 24x7 वाइब, बज़िंग सोशल लाइफ, और एंडलेस अपॉर्च्युनिटीज़ लोगों को हर दिन नया जोश देती हैं. रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई की सबसे बड़ी खासियत इसकी लचीलापन और इन्क्लूसिविटी है.

चाहे लोकल ट्रेन में सफर हो या मरीन ड्राइव की शामें, हर कोने में एक पॉजिटिव एनर्जी है जो लोगों को जोड़ती है. टाइम आउट की टीम का कहना है कि मुंबई की स्ट्रीट फूड कल्चर, बॉलीवुड की ग्लैमर इंडस्ट्री और लगातार बढ़ते करियर के मौके इसे बाकी एशियाई शहरों से आगे रखते हैं.

### बीजिंग और शंघाई दूसरे-तीसरे स्थान पर

मुंबई के बाद बीजिंग और शंघाई, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे. बीजिंग में 93% और शंघाई में 92% लोगों ने कहा कि वे अपने शहर में खुश हैं. दोनों शहरों को उनकी सेफ्टी, इंफ्रास्ट्रक्चर, किफायती जीवनशैली और कल्चर के लिए सराहा गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के ये दोनों शहर खासकर Gen Z और यंग प्रोफेशनल्स के बीच तेजी से पॉपुलर हो रहे हैं, जो मॉडर्न और टेक-फ्रेंडली लाइफस्टाइल चाहते हैं. थाईलैंड का चियांग माई और वियतनाम का हनोई चौथे और पांचवें स्थान पर रहे. दोनों जगहों पर 88% लोगों ने कहा कि वे अपने शहर से खुश हैं. रिपोर्ट में बताया गया कि इन शहरों की खासियत है उनकी ग्रीन स्पेसेज़, शांत जीवनशैली और लोगों के बीच गहरी कम्युनिटी बॉन्डिंग. हनोई ने चियांग माई को मामूली अंतर से पीछे छोड़ दिया.

### क्यों पीछे रह गए कुछ ग्लोबल सिटीज़?

दिलचस्प बात यह है कि एशिया के कुछ बड़े और विकसित शहर इस लिस्ट में पीछे रह गए. सियोल, सिंगापुर और टोक्यो जैसे शहरों में खुशहाली का स्तर कम पाया गया. रिपोर्ट के मुताबिक, टोक्यो में सिर्फ 70% लोगों ने कहा कि वे अपने शहर में खुश हैं. लंबे वर्किंग ऑवर्स, हाई प्रेशर और तेज़ लाइफस्टाइल ने लोगों के वर्क-लाइफ बैलेंस को बिगाड़ा है.

# वसंत स्मृति आदर्श शिक्षक पुरस्कार 2025 का वितरण समारोह संपन्न



**ठाणे.** भाजपा कोंकण शिक्षक आघाड़ी और ₹स्व. वसंतराव डावखरे स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित ₹वसंत स्मृति आदर्श शिक्षक पुरस्कार 2025₹ वितरण समारोह, जिसकी शुरुआत कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक एडवोकेट निरंजन डावखरे की संकल्पना से हुई, ठाणे में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस वर्ष, ठाणे जिले और कोंकण क्षेत्र के 100 से अधिक प्रतिभाशाली शिक्षकों, 10 शैक्षणिक संस्थानों और 25 गैर-शिक्षण कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। एम.डी. एच. स्कूल के सभागार में आयोजित इस समारोह में शिक्षकों को सम्मानित किया गया और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर विधायक एडवोकेट निरंजन डावखरे ने कहा शिक्षक समाज के सच्चे निर्माता होते हैं। वसंतराव डावखरे ने जिन मूल्यों पर सामाजिक कार्य किया, उन्हीं मूल्यों को शिक्षा के माध्यम से अगली पीढ़ी तक पहुँचाना प्रत्येक शिक्षक का महान कार्य है। हम इस पुरस्कार के माध्यम से उस कार्य का सम्मान कर रहे हैं। इस अवसर पर ठाणे शहर विधायक संजय केलकर,पूर्व राज्यसभा सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे, विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे, ठाणे पालघर महाराष्ट्र मथाडी जनरल कामगार संघ के जिला अध्यक्ष संजय वाघुले, बड़ी संख्या में गणमान्य शिक्षक, छात्र और अभिभावक उपस्थित थे। चयन समिति द्वारा चयनित शिक्षकों को पट्टिका, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संयोजन शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों एवं फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। गणमान्य व्यक्तियों ने यह भावना व्यक्त की कि 'वसंतस्मृति आदर्श शिक्षक पुरस्कार' केवल गौरवशाली परंपरा ही नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रेरणा देने वाला उत्सव भी है।

## 'शिवशाही' बस में माटुंगा पुलिस स्टेशन के पास लग गई आग

**मुंबई.** माटुंगा इलाके में एक बस में आग लग गई। घटना के बाद फौरन सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाला गया। एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की एक 'शिवशाही' बस में मुंबई के माटुंगा पुलिस स्टेशन के पास आग लग गई। उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। घटना शाम करीब 6 बजे डॉ. बीए रोड पर हुई। उन्होंने आगे कहा, ₹दो दमकल गाड़ियों ने 35 मिनट में आग बुझा दी। सभी 30-40 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

एक प्रवक्ता ने दावा किया कि बस में आग नहीं लगी थी, वो सिर्फ एसी डक्ट से निकलने वाला धुआ था। धुएं के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई। उन्होंने बताया कि परेल डिपो की शिवशाही बस दादर-पुणे रूट पर 26 यात्रियों को लेकर जा रही थी.

# 8 टन लोहे की छड़ों से भरे 4 ट्रक जब्त

- एक करोड़ का माल जब्त
- 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**भिवंडी.** ग्रामीण भिवंडी में राजमार्गों पर अवैध कारोबार चल रहा है, वहीं कोनगांव पुलिस ने सुबह-सुबह राजनोली में चलाए गए अभियान में आठ टन लोहे की छड़ों से भरे चार ट्रकों को जब्त करने में सफलता हासिल की है और कुल 1 करोड़ 11 लाख 5 हजार 200 रुपये का माल जब्त किया गया है. साथ ही पांच लोगों और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, 6 नवंबर को सुबह करीब 5:15 बजे पुलिस को पता चला कि एक ट्रक चालक एक बिचौलिए के माध्यम से ट्रक में लोहे की छड़ें कालाबाजारी में बेच रहा है। उस सूचना के आधार पर कोनगांव पुलिस ने घटनास्थल पर कार्रवाई की और पाया कि चार ट्रकों के चालक शिवम बलराज गुप्ता, विपिन जयप्रकाश यादव, राममिलन बृजलाल वर्मा और एक फरार ट्रक चालक अपने चार ट्रकों में लोहे की सरिया को मनु यादव और उसके चार साथियों को काला बाजार में बेचने के लिए बेच रहे थे।

पुलिस ने चारों ट्रकों में लदे 45 टन लोहे की सरिया, चोरी की गई 8130 किलोग्राम लोहे की सरिया जब्त करते हुए ट्रक चालक और लोहे की सरिया खरीदने वाले मोनू यादव और उसके साथियों के खिलाफ कोनगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

## सावधानी सूचना

यह सावधानी सूचना हमारे ग्राहक, एड्रोमैक्स ट्रेडिंग एल एल पी, जिसका कार्यालय 7वीं मंजिल, वीकेजी कारपोरेट सेंटर, अंधेरी कुर्ला रोड, होटल वीआईटीएस के सामने, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400059 में स्थित है, की ओर से जारी की जा रही है।

हमारे ग्राहक ने श्री राजेश जे. गेमनानी के साथ दिनांक 15 अप्रैल 2024 को राजस्व बटवारे पर एक विधिवत पंजीकृत विकास समझौता किया है, जिसका पता A/830/1659, प्रथम तल, गेमनानी महल, गांधी रोड, उल्हासनगर-421005 है। उन्होंने विकास समझौते में उल्लिखित संपत्ति के संबंध में विकास अधिकार प्राप्त कर लिए हैं। यह विकास समझौता श्री राजेश जे. गेमनानी पर मान्य, लागू और बाध्यकारी है।

हमारे ग्राहक ने नीचे दी गई दूसरी अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति के संबंध में श्री राजेश जे. गेमनानी के साथ 27 मार्च, 2023 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी किया है, जो एमओयू में उल्लिखित नियमों और शर्तों पर आधारित है। यह समझौता ज्ञापन श्री राजेश जे. गेमनानी पर मान्य, लागू और बाध्यकारी है।

हमारे ग्राहक को यह जानकारी मिली है कि उनकी सहमति और जानकारी के बिना, उक्त श्री राजेश जे. गेमनानी अनुसूचित संपत्ति में तृतीय पक्ष के अधिकार बनाने की प्रक्रिया में हैं और उन्होंने पहले भी उल्हासनगर नगर निगम को आवेदन प्रस्तुत किए हैं और रिलीज डीड निष्पादित की है, डीआरसी / टीडीआर और आरक्षण क्रेडिट प्रमाणपत्रों के बदले में आरक्षित भूमि को हमारे ग्राहक की पूर्व सहमति, सूचना और प्रकटीकरण के बिना ही सौंप दिया है।

इसलिए आम जनता को सावधान किया जाता है कि उल्हासनगर नगर निगम सहित कोई भी व्यक्ति और / या संस्था, उक्त श्री राजेश जे. गेमनानी और / या उनके माध्यम से या उनके अधीन कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ अनुसूचित संपत्तियों या उसके किसी भी भाग के संबंध में किसी भी तरह से काम कर रही है और / या कर चुकी है और / या करने का इरादा रखती है, ऐसा वे अपने स्वयं के जोखिम और परिणामों पर करेंगें और इसके संबंध में निष्पादित कोई भी लिखित कार्य, रिलीज डीड, समझौते, समझ आदि अमान्य होंगें और इसके अलावा अनुसूचित संपत्तियों के साथ-साथ डीआरसी / टीडीआर और आरक्षण क्रेडिट प्रमाणपत्रों के संबंध में सभी लिखित कार्य, असाइनमेंट, समझौते, समझ आदि हमारे ग्राहक के अधिकारों के अधीन होंगें, जैसा कि ऊपर बताया गया है और निर्धारित किया गया है।

**उपर्युक्त प्रथम अनुसूची**

सर्वेक्षण संख्या 150/1 और संबंधित सीटी एस संख्या 30865 (पुरानी सीटीएस संख्या 29925 (भाग), 29937 से 29946, 29948 से 29950, 29951 (भाग) से 29953 (भाग) वाली भूमि का वह समस्त टुकड़ा और खंड, जिसका क्षेत्रफल 55,440 वर्ग मीटर है, जिला ठाणे, तालुका और ग्राम उल्हासनगर-421005 में स्थित है और जिसकी सीमाएं इस प्रकार हैं:

उत्तर दिशा में या उत्तर की ओर : सीटीएस संख्या 29925 वाली संपत्ति से
दक्षिण दिशा में या दक्षिण की ओर : सीटीएस संख्या 150/6 वाली संपत्ति से
पूर्व दिशा में या पूर्व की ओर : उल्हासनगर रोड से :
पश्चिम दिशा में या पश्चिम की ओर : टेकरी से

**उपर्युक्त द्वितीय अनुसूची**

सर्वेक्षण संख्या 150/1 और संबंधित सीटीएस संख्या 30865- (पुरानी सीटीएस संख्या 29925 (भाग), 29937 से 29946, 29948 से 29950, 29951 (भाग) से 29953 (भाग) तक 6160 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली भूमि का वह समस्त टुकड़ा और खंड जो जिला ठाणे, तालुका और ग्राम उल्हासनगर- 421005 में स्थित है

और

सर्वेक्षण संख्या 149 और संबंधित सीटीएस संख्या 9517 वाली भूमि का वह समस्त टुकड़ा और खंड, जिसका क्षेत्रफल 12,340 वर्ग मीटर है, जिला ठाने, और तालुका ग्राम अंबरनाथ जो अंबरनाथ नगर परिषद में स्थित है जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं:

उत्तर दिशा में या उसकी ओर : अधिकारों के अभिलेख के अनुसार
दक्षिण दिशा में या उसकी ओर : अधिकारों के अभिलेख के अनुसार
पूर्व दिशा में या उसकी ओर : अधिकारों के अभिलेख के अनुसार
पश्चिम दिशा में या उसकी ओर : अधिकारों के अभिलेख के अनुसार

दिनांक 8 नवंबर 2025

तुषार गोराडिया
अधिवक्ता उच्च न्यायालय
12-14, तीसरी मंजिल, बेल बिल्डिंग,
बॉम्बे स्टोर्स के बगल में,
फोर्ट, मुंबई: 400 001

# जीवन साथी के लिए गोली खाने को तैयार हैं रश्मिका



नेशनल क्रश कहलाई जाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की नई फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इसी दौरान रश्मिका मंदाना ने अपनी शादी को लेकर दिल छू लेने वाला बयान दिया है। हाल ही में एक इवेंट में रश्मिका ने कहा कि वो विजय देवरकोंडा से शादी करना चाहती हैं और अपने जीवनसाथी के लिए वे किसी भी हद तक जा सकती हैं, यहां तक कि गोली खाने को भी तैयार हैं।

रश्मिका ने कहा- मुझे ऐसा इंसान चाहिए जो समझने के लिए तैयार हो। कोई ऐसा जो सचमुच अच्छा हो और जो मेरे साथ या मेरे लिए जंग लड़ सके। अगर कल मेरे खिलाफ जंग हुई, तो मुझे पता है कि वो इंसान मेरे साथ लड़ेगा। मैं भी वैसा ही करूंगी। मैं उसके लिए किसी भी दिन गोली खाने को तैयार हूं। उन्होंने यह भी बताया कि उनका आदर्श जीवनसाथी वही होगा जो जिंदगी को गहराई से समझे और हर परिस्थिति को अपने दृष्टिकोण से देखे।

उसी इवेंट में रश्मिका ने मजाकिया अंदाज में बताया कि अगर उनसे पूछा जाए कि वे किन अभिनेताओं को डेट, शादी या मार डालेंगी, तो वे शादी के लिए विजय देवरकोंडा का नाम लेंगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका और विजय ने हाल ही में सगाई कर ली है और दोनों 26 फरवरी 2026 को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों की जोड़ी बॉलीवुड और साउथ की जनता में बहुत पसंद की जा रही है।

फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के प्रमोशन के दौरान रश्मिका के ये शब्द सुर्खियां बटोर रहे हैं, और फैंस उनकी शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रश्मिका की फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में थिएटर्स में 7 नवंबर 2025 को रिलीज हुई है।

# आइसक्रीम पार्लर में 10 लाख की बिजली चोरी का पर्दाफाश

- व्यवसायी के खिलाफ मामला दर्ज

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में बिजली वितरण और बिजली बिल वसूलने वाली टोरेंट पावर कंपनी का उड़नदस्ता नियमित बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई कर रहा है। ऐसी ही एक कार्रवाई में एक आइसक्रीम पार्लर में 10 लाख रुपये की बिजली चोरी का पर्दाफाश हुआ है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, चौथा निजामपुर इलाके में डॉन साकिर महमूद मिया के मकान नंबर 3/ए/1 में हैव मोर आइसक्रीम पार्लर है। पता चला कि 18 सितंबर, 2024 से एक साल तक अपने निजी आर्थिक लाभ के लिए, उसने पास के एक लो-वोल्टेज मिनी-सेक्शन खंभे से एक अनधिकृत केबल जोड़ा और बिजली मीटर को बायपास कर अवैध रूप से बिजली की आपूर्ति ली और 25418 बिजली शुल्क का उपभोग किया। इस मामले में कंपनी प्रतिनिधियों की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में डॉन साकिर महमूद मिया के खिलाफ 10 लाख 25 हजार 315 रुपये की बिजली चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

# 27 लाख के गुटखे से भरा ट्रक जब्त

- चालक गिरफ्तार

**भिवंडी.** महाराष्ट्र में प्रतिबंध के बावजूद भिवंडी शहर और ग्रामीण इलाकों में प्रतिबंधित गुटखे की बड़े पैमाने पर बिक्री हो रही है। 27 लाख का गुटखा और 9 लाख का ट्रक, जिसकी कुल कीमत 36 लाख है, जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार, मुंब्रा कौसा निवासी 32 वर्षीय चालक मोहम्मद यूसुफ शरीफ शेख अपने ट्रक में बिक्री के लिए प्रतिबंधित गुटखा ले जा रहा था। निजामपुर पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने 7 नवंबर को सुबह करीब 6.50 बजे वंजारपट्टी नाका और कल्याण नाका के बीच उप-विभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने संदिग्ध ट्रक को रोका। इस ट्रक में 27 लाख 30 हजार 600 रुपये का प्रतिबंधित गुटखा मिला। पुलिस द्वारा निजामपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के बाद मोहम्मद यूसुफ शरीफ शेख को गिरफ्तार कर लिया गया और चालक को हिरासत में ले लिया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम एवं विनियम 2011 की धारा 26 (2), 27, 23 एवं 26 (2), 30 (2) (1) के साथ संहिता की धारा 223, 274, 275, 123 के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## PUBLIC NOTICE

I, Advocate Jatin Idnani, having office at 1st Floor, Keswani Complex, above Navjeevan Bank, near Civil Court, Ulhasnagar 421003, ( Mob: 9890748400) hereby issue this notice on behalf of my client, Shri Pahlajrai Satramdas Talreja, aged about 70 years, residing at 4th Floor, Maheshwari Building, Opp. Nana Nani Park, Gol Maidan, Ulhasnagar 421002.All legal heirs, representatives, claimants or persons having any right, title or interest in the estate of deceased Smt. Nirmala Thakurdas Lilwani, who was last residing at B.K. No. 890, Room No. 1, Section 18, Ulhasnagar 421003, are hereby informed that Shri Pahlajrai Satramdas Talreja has filed a Revision Petition before the Hon'ble Chief Settlement Commissioner, Konkan Bhawan, CBD Bellapur, Navi Mumbai-400614.The said Revision Petition relates to and challenges the following:1. Allotment Order No. SDO/PLOT/C-3/SR-528/SDO/2022 dated 17/10/2022; and2. Conveyance Deed No. SDO/PLOT/C-3/SR-689/2022 dated 21/10/2022;issued by the Managing Officer and Sub-Divisional Officer, Powai, Ulhasnagar 421003, in respect of land admeasuring 117 sq. meters, being Plot No. U.No. 119 & 120, Sheet No. 26, Ulhasnagar 421003.The hearing of the said Revision Petition is scheduled on 11 November 2025, and the matter may continue from time to time as per the directions of the Hon'ble Authority.All heirs and interested persons are hereby called upon to take notice of the above proceedings. Any person wishing to file objections, submit claims, or participate in the matter may appear before the Hon'ble Authority on the scheduled date or on any adjourned date of hearing along with valid documents.This notice is being issued to adequately inform all concerned and affected persons. Interested persons may obtain further details or clarification from my office on any working day during office hours.

Sd/-
**Advocate Jatin Idnani**

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099